पत्रांक–डी0डी0–2–विविध–376/2023–24 (पार्ट–I) ......

# बिहार सरकार
## भवन निर्माण विभाग

प्रेषक,

सुधांशु शेखर राय,
अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव।

सेवा में,

सभी संबंधित कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमंडल,
भवन निर्माण विभाग, बिहार।

पटना, दिनांकः–.............

विषयः– वन स्टॉप सेंटर के भवन निर्माण कार्य के संबंध में।

प्रसंगः– प्रबंध निदेशक, महिला एवं बाल विकास निगम, पटना का पत्रांक–WCDC/52/24 दिनांक–09.01.2024

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र की छायाप्रति संलग्न करते हुए कहना है कि पत्र में वर्णित कार्यों का क्रियान्वय करना सुनिश्चित किया जाय।

अनु0ः–यथोक्त।

विश्वासभाजन

ह0/–
(सुधांशु शेखर राय)
अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त
–सह–विशेष सचिव

ज्ञापांकः– पटना/दिनांक–

प्रतिलिपिः–सभी संबंधित मुख्य अभियंता/सभी संबंधित अधीक्षण अभियंता, भवन अंचल, भवन निर्माण विभाग, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/–
अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त
–सह–विशेष सचिव

ज्ञापांकः– 671 (अ)अ0 पटना/दिनांक– 19/1/24

प्रतिलिपिः–आई.टी. मैनेजर, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

18-1-24
अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त
–सह–विशेष सचिव

(43)

# महिला एवं बाल विकास निगम, बिहार

दारोगा राय पथ, रोड नं0-- 02, आर॰ ब्लॉक, पटना- 800001

Email- support.wdc@bihar.gov.in

पत्रांकः-

दिनांकः-

प्रेषक,

**श्रीमती बंदना प्रेयषी**, (भा.प्र.से.)
प्रबंध निदेशक,
महिला एवं बाल विकास निगम, बिहार, पटना।

सेवा में,

**श्री कुमार रवि**, (भा.प्र.से.)
सचिव,
भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

विषय :- **वन स्टॉप सेंटर के भवन निर्माण कार्य हेतु संबंधित को निदेशित करने के संबंध में।**

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा Project Approval Board (PAB) 2022 की बैठक में लिये गये निर्णय के आलोक में समाज कल्याण विभाग अन्तर्गत मिशन शक्ति के मार्गदर्शिका में प्रदत्त प्रावधानों के अनुरूप दरभंगा, गया, गोपालगंज एवं नालंदा जिला में एक-एक तथा पटना जिला में 2 (दो) वन स्टॉप सेंटर के भवन निर्माण का कार्य किया जाना है। इन जिलों के लिए वन स्टॉप सेंटर का निर्माण कार्य चिन्हित स्थल पर अविलंब प्रारम्भ करने का निदेश देने की कृपा करेंगे।

इसी क्रम में अरवल, औरंगाबाद, सारण, सुपौल, मुजफ्फरपुर, भागलपुर एवं सीतामढ़ी जिला में वन स्टॉप सेंटर के भवन निर्माण का कार्य पूर्ण हो चुका है तथा शेखपुरा, नवादा, शिवहर एवं मुंगेर जिला में वन स्टॉप सेंटर के भवन निर्माण का कार्य प्रक्रियाधीन है, जिसे शीघ्र पूर्ण करने की आवश्यकता है।

अतः अनुरोध है कि उपरोक्त वर्णित जिलों में वन स्टॉप सेंटर के भवन निर्माण का कार्य पूर्ण करने हेतु सभी संबंधित को विभाग स्तर से निदेशित करने की कृपा करेंगे। साथ ही जिन जिलों में वन स्टॉप सेंटर के भवन निर्माण का कार्य पूर्ण हो चुका है, उन जिलों में भुगतान करने हेतु बैंक खाते का विवरणी भी संबंधित जिलों के जिला प्रोग्राम पदाधिकारी(आई0सी0डी0एस0)-सह-नोडल पदाधिकारी, मिशन शक्ति समाज कल्याण विभाग को उपलब्ध कराने हेतु संबंधित को निदेशित करेंगे, ताकि उपलब्ध राशि से भुगतान PFMS Portal के माध्यम से किया जा सके।

विश्वासभाजन
ह0/-
**प्रबंध निदेशक**

ज्ञापांक :- /पटना, दिनांक :-

प्रतिलिपि :- जिला पदाधिकारी, पटना, दरभंगा, गया, पूर्णिया गोपालगंज एवं नालंदा को सूचनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि :- संबंधित जिला प्रोग्राम पदाधिकारी(आई0सी0डी0एस0)/जिला परियोजना प्रबंधक/प्रभारी जिला परियोजना प्रबंधक, म0 एवं बा0वि0नि0/जिला मिशन समन्वयक (डी0एच0ई0डब्लू0)/केन्द्र प्रशासक/प्रभारी, वन स्टॉप सेंटर, पटना, दरभंगा, गया, पूर्णिया गोपालगंज एवं नालंदा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि :- सचिव, समाज कल्याण विभाग, बिहार के आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

ह0/-
**प्रबंध निदेशक**

ज्ञापांक :- WCDC/52/24 /पटना, दिनांक :- 08/01/2024

प्रतिलिपि :- मुख्य अभियंता, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना से अनुरोध है कि दिनांक 09.01.2024 को अपराह्न 4:00 बजे सचिव, समाज कल्याण विभाग, बिहार के कार्यालय कक्ष में राज्य के विभिन्न जिलों में निर्माणधीन वन स्टॉप सेंटर भवन निर्माण के समीक्षा बैठक में अद्यतन स्थिति के साथ भाग लेने की कृपा करेंगे।

प्रतिलिपि :- निदेशक (अनुश्रवण), भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना से अनुरोध है कि दिनांक 09.01.2024 को अपराह्न 4:00 बजे सचिव, समाज कल्याण विभाग, बिहार के कार्यालय कक्ष में राज्य के विभिन्न जिलों में निर्माणधीन वन स्टॉप सेंटर भवन निर्माण के समीक्षा बैठक में अद्यतन स्थिति के साथ भाग लेने की कृपा करेंगे।

Dmc 66 9/1/24

8.1.2024
निदेशक